दैनिक **क्यूँ न लिखूँ सच**

प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र



मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 283 मुरादाबाद 09 February 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## किसानों का लोन माफ करने का वादा? अखिलेश यादव बोले- 2025 तक सभी किसान होंगे कर्ज मुक्त



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। इसे 'सत्य वचन, अटूट वादा' की टैग लाइन के साथ %समाजवादी वचन पत्र% कहा जा रहा है। अखिलेश यादव ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, 'मुझे याद है कि जब 2012 में सपा ने अपना घोषणापत्र जारी किया था और फिर जब हमने सरकार बनाई तो हमने विभिन्न वादों से जुड़े सभी विभागों की बैठक की और उन सभी वादों को पूरा किया। 'सत्य वचन, अटूट वादा' के साथ, हम 2022 के लिए घोषणापत्र के रूप में इस दस्तावेज के साथ लोगों के पास जा रहे हैं।''

### क्या किसानों का लोन माफ करेगी सपा सरकार?

अखिलेश यादव ने कहा कि चार साल में यानी 2025 तक सभी किसानों को 'कर्ज मुक्त' कर दिया जाएगा और 'कृण मुक्ति' कानून बनाया जाएगा, जिससे ज्यादातर गरीब किसानों को फायदा होगा। उन्होंने कहा, ''सभी फसलों के लिए एमएसपी दिया जाएगा और गन्ना किसानों को 15 दिनों में भुगतान मिल जाएगा और यदि आवश्यक हुआ तो इसके लिए एक कोष तैयार किया जाएगा।'' उन्होंने कहा कि सभी किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली, ब्याज मुक्त कर्ज, बीमा और पेंशन की व्यवस्था की जाएगी।

### यूपी में किसानों की लोन माफी का मुद्दा पुराना

बता दें कि कृषि बाहुल्य उत्तर प्रदेश में किसानों की ऋण माफी का मुद्दा बहुत पुराना है। कई बार पार्टियां सीधे लोन माफ करने के वादे से भी किसानों को लुभाने की कोशिश करती हैं। हालांकि अखिलेश ने अपने घोषणापत्र में सीधे लोन माफ करने की बात नहीं कही है। बता दें कि उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान 2017 में बीजेपी सरकार ने किसानों का कर्ज माफ करने का वादा किया था। हालांकि चुनाव जीतने के बाद बीजेपी सरकार ने किसानों का कर्ज माफ भी किया था। लेकिन तब कर्ज माफी एक तय सीमा के तहत ही हुई थी।

## पीएम मोदी की वर्चुअल रैली, कहा- आत्मनिर्भर भारत के लिए सशक्त पंजाब का निर्माण जरूरी, हमारे पास विकास का रोडमैप



लुधियाना- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वर्चुअल रैली शुरू हो गई है। पीएम ने कहा कि पंजाब के लिए आज असली बदलाव का वक्त है। भाजपा अपने साथियों के साथ पंजाब के विकास के लिए पुख्ता रोडमैप लेकर आई है। पंजाब के लिए एनडीए ने अपने 11 संकल्प सामने रखे हैं। कहा कि यह संकल्प हर उस पंजाबी के लिए हैं जो पंजाब और पंजाबियत की बात करता है। पीएम मोदी ने छोटे साहिबजादों को नमन करते हुए भाषण शुरू किया। कहा कि देश को सबसे आगे रखना पंजाब की परंपरा रही है। भाजपा राष्ट्रहित में काम करती है। सिख परंपरा और पंजाबियत के लिए काम करना हमारे लिए गर्व की बात है। कुछ लोग सिख धर्म का विरोध करते रहे हैं। पीएम ने कहा कि पंजाब हमारे लिए सत्कार व सेवा की परंपरा का साधन है। कांग्रेस ने सिख कत्लेआम करवाए हमने सजा दिलाई। हमने करतारपुर कारिडोर खोला। यह चुनाव क्या सिर्फ एक मुख्यमंत्री बनाने के लिए नहीं है, बल्कि पंजाब के विकास का चुनाव है। पीएम मोदी ने कहा कि किसानों का खेती पर खर्च कम हो, आय बढ़े इसके लिए सरकार काम कर रही है। छोटे किसानों के लिए सरकार काम कर रही है। पीएम ने कहा कि पिछले वर्ष हमारी सरकार ने फर्टिलाइजर पर सब्सिडी बढ़ाई है। इस बजट में इसके लिए रिकार्ड राशि का प्रावधान है। कहा कि पहली बार एमएसपी का पैसा सीधा किसान के खाते में जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा पंजाब के विकास के लिए वह आज सभी से सहयोग मांगते हैं। आत्मनिर्भर भारत के लिए सशक्त पंजाब का निर्माण जरूरी है, इसलिए लोग सबका साथ, सबका विकास वाली सरकार को चुनें। पंजाब को अस्थिर करने वालों से सतर्क रहें। पीएम मोदी ने युवाओं से अपील की कि वह अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करें।पीएम मोदी ने कहा कि पंजाब और पंजाबियत व सिख परंपरा के लिए काम करना उनके लिए सेवा का काम है। यह उनका सौभाग्य है। कुछ लोग हमेशा सिख परंपरा के विरोध में नजर आएंगे, जबकि भाजपा और गठबंधन के सहयोगी हमेशा इस परंपरा के साथ खड़े रहे। कुछ लोगों के लिए पंजाब सिर्फ सत्ता का साधन रहा है। ऐसे लोगों ने पंजाब पर राज करने के लिए क्या-क्या षड्यंत्र क्या-क्या साजिश नहीं रचीय इन लोगों ने गुरुओं की धरती पंजाब को आतंक की आग में झोंका। हमने दुनिया भर में आस्था को बढ़ाने के लिए ईमानदार प्रयास किए हैं। कांग्रेस ने सिखों का नरसंहार किया और हमने इनके दोषियों को सजा दिलाई।भाजपा इस बार पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह की पंजाब लोक कांग्रेस व शिरोमणि अकाली दल संयुक्त के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। रैली के जरिये पीएम लुधियाना और फतेहगढ़ साहिब के 17 विधानसभा हलकों में गठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करेंगे। चुनावी बिगुल बजने के बाद पंजाब में पीएम मोदी की यह पहली रैली है। पीएम मोदी 5 जनवरी को पंजाब आए थे, लेकिन फिरोजपुर में सुरक्षा में हुई चूक के कारण उन्होंने वापस लौटना पड़ा था। भाजपा ने दोनों जिलों के हर विधानसभा क्षेत्र में करीब तीन स्क्रीन लगाई गई हैं। 17 विधानसभा क्षेत्रों में हर स्क्रीन के सामने 1000 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। बता दें, इससे पहले केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने रैलियां की थीं। नौ फरवरी को केंद्रीय मंत्री ईरानी भी पंजाब आ रही हैं।

## योगी संग मायावती पर भी ममता बनर्जी ने साधा निशाना, ओवैसी पर कसा तंज



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने मंगलवार को यूपी का राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी ( सपा ) के लिए वोट की अपील की। ममता बनर्जी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक तरफ योगी सरकार और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा तो दूसरी तरफ बहुजन समाज पार्टी ( बसपा ) सुप्रीमो मायावती पर भी निशाना साधा। उन्होंने ओवैसी पर भी यह कहकर तंज कसा कि वह उन्हें नहीं पहचानतीं। ममता बनर्जी ने जाट, अल्पसंख्यक, दलित, ब्राह्मण आदि से एकजुट होकर सपा के लिए मतदान की अपील की। उन्होंने नाम लिए बिना मायावती पर आरोप लगाया कि वह बीजेपी के सामने सरेंडर कर चुकी हैं। ममता ने कहा, '' मैं दलित भाइयों से कहना चाहती हूं कि उनके नेता भी अब भाजपा के सामने समर्पण कर चुके हैं, लिहाजा उन्हें भी एक बार सोचना पड़ेगा।'' टीएमसी चीफ ने कहा कि भाजपा ने देश को बांटने का काम किया, इतिहास बदलने का काम कर रही है, स्टेशनों के नाम बदल रही है, बाबा साहब अंबेडकर के संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है। ममता बनर्जी ने कहा, ''आप सभी मिलकर अखिलेश को वोट दीजिए और जितवाइए। मैं जयंत चौधरी, किसान नेताओं, जाट नेताओं, दलित नेता, मॉइनॉरिटी-मुस्लिम, ओवैसी, सबसे कहेंगे कि सब साथ मिल जाओ, सब मिल जाओगे तो बीजेपी भाग जाएगी, आप यूपी से हटा दो तो हम देश से हटा देंगे।'' ओवैसी को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में ममता बनर्जी ने कहा, ''क्या आप लोग ऐसा ऐसा नाम लेते हैं, मैं पहचानती नहीं। वो बीजेपी को पूछा ना बीजेपी का साथी है।''

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

उधम सिंह नगर

www.knlslive.com

09 February 2022



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# पुलिस/प्रशासन द्वारा अर्द्धसैनिक बलों के साथ किया गया फ्लैग मार्च



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 के दृष्टिगत बाजपुर विधानसभा क्षेत्र में पुलिस/प्रशासन द्वारा अर्द्धसैनिक बलों के साथ किया गया फ्लैग मार्च पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उधमसिंहनगर व जिलाधिकारी उधमसिंहनगर महोदय के निर्देशन में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने व आदर्श आचार संहिता के दृष्टिगत दिनांक: 08-02-2022 को कोतवाली बाजपुर क्षेत्रान्तर्गत पुलिस व अर्धसैनिक बल एसएसबी के जवानों के साथ संयुक्त रूप से मार्च किया। फ्लैग मार्च बन्नाखेड़ा, सुल्तानपुर पट्टी व दोराहा क्षेत्र में निकाला गया। इस दौरान संयुक्त टीम द्वारा आमजनमानस को आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को शान्तिपूर्वक सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु आदर्श आचार संहिता व धारा- 144 सी0आर0पी0सी0 का पालन करने, कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने, शान्तिपूर्वक चुनाव कराये जाने में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करने, भय मुक्त व बिना किसी प्रलोभन में आये मतदान करने तथा अवैध शराब/मादक पदार्थों के वितरण सम्बन्धी व अन्य प्रकार की महत्वपूर्ण सूचना की जानकारी तत्काल स्थानीय मजिस्ट्रेट व पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही वर्तमान में कोविड-19 के नये वेरियेन्ट ओमिक्रोन के बढ़ते प्रसार के दृष्टिगत सभी से फेस मास्क पहनने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने एवं समय-समय पर हाथों को धोने/ सैनिटाइजर का प्रयोग करने तथा कोविड गाइडलाइन का शत प्रतिशत पालन किये जाने के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

# अरविंद केजरीवाल का दावा,भाजपा-कांग्रेस की वजह से उत्तराखंड पर 72 हजार करोड़ का कर्जा



दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा और कांग्रेस के समर्थक से भी एक बार आम आदमी पार्टी को वोट देने की अपील की है। मंगलवार को सिडकुल स्थित एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में केजरीवाल ने कहा कि भाजपा-कांग्रेस की क्रमवार सरकार बनती रही, लेकिन उत्तराखंड को क्या मिला? एक बार वोटर और सपोर्टर्स इस बारे में जरूर सोचें। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा-कांग्रेस के कारनामों के कारण 72 हजार करोड़ का कर्जा उत्तराखंड के ऊपर है। अगर आम आदमी पार्टी सत्ता में आई तो पांच सालों में ये कर्ज उतारकर उत्तराखंड को लाभ में लाकर खड़ा कर देंगे। क्योंकि आम आदमी पार्टी की नीयत साफ है। वह राज्य में ईमानदारी से काम करेगी। केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी पहली ऐसी पार्टी है जो राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं से भी वोट मांग रही है। आम आदमी पार्टी चाहती है कि भाजपा और कांग्रेस का कार्यकर्ता और सपोर्टर्स इस बात को समझने के साथ आंकलन जरूर करे कि उनके क्षेत्रों में दोनों दलों ने क्या क्या काम किए। भाजपा-कांग्रेस के पास कोई एजेंडा नहीं है। आम आदमी पार्टी एजेंडे के साथ चुनाव मैदान में उतरी है। हम सबके हित में काम करने की बात कर रहे हैं। हम स्वास्थ्य, शिक्षा को लेकर गंभीर हैं। उत्तराखंड में स्वास्थ्य, शिक्षा बहदाल हालत में है। अगर आम आदमी पार्टी इसे ठीक करने का दावा कर रही है तो भाजपा, कांग्रेस ऐसे दावे क्यों नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता भी आम आदमी पार्टी पर भरोसा कर रही है। उत्तराखंड की जनता को भी एक बार भरोसा करके देखना चाहिए। राज्य की जनता ने 21 साल भाजपा, कांग्रेस को देकर देख लिया है। दोनों दल पांच, पांच साल शासन करके राज्य को केवल बर्बाद करने पर तुले है। ऐसे में राज्य की जनता के पास आम आदमी पार्टी ही एक विकल्प है। आम आदमी पार्टी ने दस मुद्दों पर उत्तराखंड को संवारने का एजेंडा दिया है। पार्टी स्कूल और अस्पताल बनाने का दावा कर रही है। भाजपा, कांग्रेस ऐसा नहीं कह रही है। क्योंकि दोनों दलों ने केवल उत्तराखंड को कर्जे में धकेलने का काम किया है।

## प्रमाण दिखा दो जेल भिजवाकर दम लूंगा

पार्टी छोड़ने के बाद कोई क्या कहता है इससे हमें कोई मतलब नहीं। अगर टिकट बेचा गया हो तो उसके प्रमाण सामने लाकर दें। परिणाम सबके सामने आएगा। उसे जेल भेजकर दम लूंगा। उल्लेखनीय है कि हाल ही में आप पर टिकट बेचने का आरोप लगाया गया था।

www.knlslive.com

# कोरोना मौतों का सिलसिला जारी,आठ ने तोड़ा दम;772 मिले नए पॉजिटिव



उत्तराखंड में कोरोना से मौत का सिलसिला जारी है। मंगलवार को कोरोना के 772 नए मरीज मिले और आठ संक्रमितों की मौत हो गई। इसके साथ ही राज्य में कोरोना के कुल मरीजों की संख्या 85848 हो गई है। जबकि तीसरी लहर में मरने वालों का आंकड़ा 210 पहुंच गया है। मंगलवार को अल्मोड़ा में 90, बागेश्वर में तीन, चमोली में 29, चम्पावत में 18, देहरादून में 285, हरिद्वार में 111, नैनीताल में 62, पौड़ी में 42, पिथौरागढ़ में 18, रुद्रप्रयाग में 19, टिहरी में 16, यूएस नगर में 51 और उत्तरकाशी जिले में 28 नए संक्रमित मरीज मिले हैं। देहरादून जिले के विभिन्न अस्पतालों में सात मरीजों की मौत हुई जबकि नैनीताल जिले के अस्पताल में एक मरीज ने दम तोड़ा है। बुधवार को 24 हजार के करीब सैंपल की जांच रिपोर्ट आई जबकि 24 हजार से अधिक सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। मंगलवार को राज्य में कोरोना संक्रमण की दर 3.21 प्रतिशत रही जबकि मरीजों के ठीक होने की दर 85 प्रतिशत से अधिक हो गई है। राज्य के विभिन्न अस्पतालों और होम आईसोलेशन में रह रहे 3257 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। जिसके बाद अब राज्य में एक्टिव मरीजों की संख्या 9710 रह गई है। मंगलवार को 80 हजार के करीब लोगों को कोरोना रोधी टीके की डोज दी गई है।

# भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को आड़े हाथों लिया, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी एक ही सिक्के के दो पहलू हैं-सतपाल ठुकराल



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर- सपा उम्मीदवार एस पी ठुकराल ने कहा कि मोदी सरकार ने जिस तरह किसानों का दमन किया,वह निंदनीय है। ठुकराल ने कहा कि जो भाजपाई भाजपा को मां बताते थे, आज वही अपनी मां से बगावत करने पर उतारू हो गए हैं।उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस ने लंबे अरसे तक देश और उत्तराखंड की सत्ता पर काबिज होकर महज़ भ्रष्टाचार, महिला उत्पीडन, बेरोजगारी, शिक्षित युवाओं का दमन, किसानों के खिलाफ काम किया है।उन्होंने कहा कि जो लोग हिन्दू मुस्लिम की राजनीति करते हैं,उनका यहां से सूपड़ा साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं सभी धर्मों के लोगों को साथ लेकर चल रहा हूं।उन्होंने कहा कि जिस तरह से इन दलों ने सत्ता में रहते हैं, गुंडा तत्वों को बढ़ावा दिया है, उससे लगता है कि इन दलों का अपराधियों से गठबंधन है। उन्होंने कहा कि जनता ने आशीर्वाद दिया तो चुनाव जीतने के बाद रुद्रपुर विधानसभा को एक माडल विधानसभा के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सपा में किसानों, मजदूरों, बेरोजगार युवाओं, गरीब तबके का हित सुरक्षित है।

# गदरपुर पुलिस ने तमंचे व जिंदा कारतूस के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रुद्रपुर- विधानसभा चुनाव 2022 के दृष्टिगत श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उधम सिंह नगर के निर्देशन अवैध कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही के अंतर्गत थाना गदरपुर पुलिस द्वारा दिनांक 07/02/2022 को चेकिंग के दौरान विक्की बजाज पुत्र ठाकुरदास बाजाज निवासी वार्ड नंबर 11 थाना गदरपुर जिला उधम सिंह नगर को एक तमंचा 315 बोर मय 01जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। इसके विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को जेल भेजा जा रहा है।पुलिस टीम ,स्0 राहुल राठी का0दर्शन सिह का0 राकेश प्रसाद

# CM Yogi Adityanath बोले, अब प्रदेश में त्योहार से पहले नहीं लगता कर्फ्यू, बेटियां घूमती हैं सुरक्षित

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा की जनसभा में सपा-रालोद गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। साथ अपने पांच साल के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनाईं। कहा- समाजवादी सरकार में दंगे, बेटियों के साथ छेड़छाड़ होती थी। अब प्रदेश वही है लेकिन पांच साल में स्थिति बदल गई है। पिछली सरकार में 700 दंगे हुए और 2017 से 2022 तक एक भी दंगा नहीं हुआ। अब बेटियां स्कूल जाती हैं, शोहदे बाहर निकलने में डरने लगे हैं। पहले त्योहार से पहले कर्फ्यू लग जाता था, अब तो कोरोना भी कर्फ्यू नहीं लग रहा क्योंकि, आप कांवड़ यात्रा में विश्वास रखते है। सीएम ने कहा कि अगर सर्वेश सिंह सांसद होते तो एसटी हसन और शफीकुर रहमान बर्क तालिबान का समर्थन करने की हिम्मत नहीं करते।किसी की हिम्मत नहीं की बेटी को छेड़ सके, त्योहार से पहले कर्फ्यू भी भूल जाइए। पहले आतंकवादी बम फेंकते थे, अब कावड़ियों का हर हर महादेव, बोल बम बम होता है। फूल बरसते हैं। रालोद वाले अजीत सिंह ने कहा था कि जिस गाड़ी पर सपा का झंडा, समझो उसमें बैठा कोई गुंडा, ये लोग तो लूटने वाले हैं। आज वही सपा के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ रही है। इन पर आप कैसे विश्वास कर सकते हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने संकट में देश के लिए कार्य किया फ्री वैक्सिन दी। सपा वाले तमंचे की फैक्ट्री लगाते थे हम तोप की फैक्ट्री लगा रहे हैं। जब हमारा जवान उस तोप को लेकर जायेगा, तो पाकिस्तान का दिल बैठ जाएगा। कोई भी भारतीय ऐसा नहीं जो अपनी बेटी की शादी में पीतल के बर्तन न देता हो। सपा बसपा सरकार ने ऐसा कर दिया था कि अब बेटियों की शादी में पीतल के बर्तन नहीं दे पा रहे थे। हमने मुरादाबाद को पीतल की चमक लौटा दी। समाजवादी पार्टी की सरकार में जनता का पैसा लूटकर इत्र वाले मित्र के घर जाता था। उन इत्र वाले मित्र के लिए हम बुलडोजर लेकर आए हैं। बुलडोजर चलता रहे तो अजय प्रताप सिंह को जिताएं। सर्वेश सिंह आज मंच से अजय प्रताप को समर्थन देने आए हैं। हमने कहा कि ठाकुरद्वारा की सीट जितवा दो आपके लिए फिल्म सिटी बनवा रहे हैं। अब आप कुछ दिन फिल्म में भी काम कीजिए

### पहले लगता था कर्फ्यू अब निकलती हैं कांवड़ यात्राएं

सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले सपा के कार्यकाल में बेटियां स्कूल जाते हुए डरती थीं व्यापारी अंधेरा होने से पहले घर चले जाते थे संभल व मुरादाबाद में कोई त्यौहार होता था तो कर्फ्यू लगा दिया जाता था लेकिन अब पूरे सम्मान के साथ कावड़ यात्राएं निकलती है किसी की आंख उठाकर देखने की भी हिम्मत नहीं है किसी मे साहस नही की कावड़ यात्रा को रोक सके,यूपी में अपराधी गले मे तख्ती डालकर घूम रहे है जबकि समाजवादी की सरकार के संरक्षण के बूते गरीबों की संपत्तियों पर कब्ज़ा करते थे लेकिन अब बीजेपी की सरकार में जेल की सलाखों के पीछे हैं। सभा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रहित में बीजेपी के पक्ष में मतदान करते हुए ठाकुर अजय प्रताप सिँह को विजयी बनाने की अपील की।पूर्व सांसद सर्वेश सिँह ,बीजेपी ज़िलाध्यक्ष राजपाल सिँह चौहान, ठाकुर अजय प्रताप सिँह ने भव्य स्वागत सीएम का किया।

# सागर सराय में पीने का पानी को तरसे लोग, चार दिन बाद मिला पानी

मुरादाबाद-स्मार्ट सिटी में बड़ी आबादी को चार दिन तक पेयजल संकट से जूझना पड़ा। एक क्षेत्र में पानी की पाइप दो बार टूटी जिससे सागर सराय समेत अन्य इलाकों में लोग पानी को तरस गए। जमीन में दबी पाइप लाइन क्रेक हुई तो उसे जोड़ने में निगम के जलकल अधिकारियों को तीन दिन लग गए। शाम तक लीकेज ठीक हुई तो नाला सफाई में लगी जेसीबी ने एक और जगह पर पाइप लाइन तोड़ दी। नाले के अंदर पाइप लाइन होने से उसे जोड़ने में मशक्कत करनी पड़ी। मंगलवार दोपहर बाद ही क्षेत्रीय लोगों को पानी नसीब हो सका। हालांकि गंदा पानी आने से इस पानी का भी इस्तेमाल नहीं हुआ। चार दिन पहले सागर सराय में आबकारी भवन के पीछे जमीन में दबी पुरानी पाइप लाइन अचानक क्षतिग्रस्त हो गई। सात फुट नीचे दबी पाइप लाइन को जोड़ने में जलकल अधिकारियों को तीन दिन लग गए। जलकल के अधिकारियो को फोन पर सूचना देने के बाद भी कोई भी मरम्मत के लिए नहीं पहुंचा। कंट्रोल नंबर आदि पर शिकायत के बाद अधिकारी सक्रिय हुए और सोमवार को जलकल विभाग के कर्मचारी पहुंचे। मशक्कत के बाद पाइप लाइन को जोड़कर दूर कर लिया गया। इससे पहले कि बंद पानी की आपूर्ति शुरु हो पाती, शाम को बुध बाजार में नाला सफाई के दौरान पानी की पाइप लाइन टूट गई। नाले के भीतर गुजर रही पाइप लाइन टूटने से सारा पानी सड़क पर बहने लगा। सोमवार को देर शाम पानी भरने से आर्य समाज इंटर कालेज के दुकानों के आगे पानी भर गया। इससे पानी की आपूर्ति को बंद कर दिया गया। जलापूर्ति बंद होने से तमाम घरों को पानी नहीं मिल सका। एक बार फिर मंगलवार की सुबह जलकल विभाग के कर्मचारी बुध बाजार में मौके पर पहुंचे। जेसीबी की मदद से गहरा गड्ढा खोदकर क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को जोड़ा गया। मशक्कत के चलते दोपहर तीन बजे लाइन को शुरू कर दिया गया मगर शाम तक तमाम इलाकों को गंदा पानी मिलता रहा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# ठाकुरद्वारा नगर वे देहात क्षेत्र में आवारा कुत्तों, के काटने की लगातार बढ़ती संख्या

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा- नगर वह गांव गांव मैं आवारा कुत्तों के काटने की घटनाएं लगातार बढ़ती दिखाई दे रही हैं आवारा कुत्तों के काटने का आतंक भी बढ़ता जा रहा है। पिछले दो दिनों में इन आवारा कुत्तों ने अलग अलग चार लोगो को हमला कर घायल कर दिया है देवेंद्र कुमार पुत्र वेदप्रकाश निवासी गोपीवाला, सचिन कुमार पुत्र सोनू कुमार निवासी पतिया नगला सुलेमान पुत्र जमील अहमद , निवासी गोपीवाला , रानी देवी पति अनिल कुमार निवासी कंकरखेडा पर हमला कर दिया कुत्ते के काटने से घायल लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है पालिका द्वारा एक बार आवारा कुत्ते पकड़ने का कार्य किया गया नगर पालिका द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़ने की खानापूर्ति कर दिख लाने के बाद महीनों से आवारा कुत्तों का झुंड कहीं ना कहीं किसी भी जगह किसी पर भी हमला कर उसको काटकर अपना निशाना बना लेता है यहां तक के सुबह सादिक के वक्त जो हिंदू भाई पूजा करने के लिए मंदिर जाते हैं उन्हें भी कुत्तों के हमला करने का डर बना रहता है उधर मुस्लिम लोग नमाज ए फजर अदा करने जाते हैं रास्ते में आवारा कुत्ते भोंकते वह काटने के लिए दौड़ते हैं इस डर से कुछ लोगों ने घर से सुबह-सुबह निकलना भी बंद कर दिया है अलग-अलग जगा से आए लोग। निजी चिकित्सालय में ले जाया गया वह पर डॉक्टर द्वारा एंटी रैबिट देकर इलाज किया गया

www.knlslive.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्ध से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Epidemics and studies

We have taken one more step towards normalcy. Schools and colleges were opened in many states of the country on Monday, the old radiance returned to their campuses. It is always pleasant to see small children going to school carrying bags on their shoulders. In many states this scene also started appearing from Monday itself and in some states it will have to wait till next Monday.In most of the states of the country, the education of all classes above class nine has started from Monday, while in some states the reverse method has been adopted. There schools for young children have been opened earlier.

It is a good thing that almost all the states of the country have started working together to normalize the education system during the pandemic. At this time when both the daily number of new infections and the rate of infection are coming down, then such a decision was natural.In the last two years, there has been a lot of confusion in the whole world about whether to open schools in view of the dangers of the epidemic. In America, etc., efforts were started to open schools only after the first wave of the epidemic. But then the results were not good. Then the danger was also understood that even though the corona virus does not make children a victim, but if some children reach home with this virus,So adults and the elderly can be at risk from it.

In this two years, the whole world has understood the possibilities and limitations of online education by closing the gates of schools. It is also understood that children can be educated through this medium, but their full mental development cannot take place. Online education cannot provide a substitute for peers. When children meet each other in schools,So they also learn the importance of social relations. At this time when a large number of people have been vaccinated and all the activities of the country have started running normally; Markets have opened up and even elections are being held, then it is well understood that a complete shutdown may cause losses, but not give any huge gains. In such a situation, there is no point in keeping only educational institutions closed.

Whatever activity has been normalized in the recent past, there has been an urgency in everyone to take utmost care. Masks, social distancing and sanitization should be adopted everywhere. But the truth is that in most places people are not following it. If efforts are made, our schools could very well start this. If schools are made schools to fight the epidemic, then its effect can be seen on the whole society.Adolescent children all over the country have started getting the vaccine. This work can be done in schools in the same way as was once done in the case of cholera and smallpox. It is also necessary that fighting the pandemic should be made a part of the curriculum for young children. At present, even in the subject of history, they are not taught about them.

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# Anupama did work as a Daredevil 'Stuntgirl', career was almost over!

Actress Rupali Ganguly, who played the lead role in the TV show 'Anupama', is now known by most of the people as Anupama. Anupama is the first TV show in the TRP list. In the show, Rupali Ganguly plays the character of a woman who is subjected to mental and physical abuse in her own home and then moves forward with her high spirits and comes out of trouble.Daredevil Stuntgirl Anupama - Rupali Ganguly has been entertaining the audience for the past several months and now her image has become a household lady. Although few people know that Anupama, who is playing the role of Abla Nari in this show, has once been a Daredevil 'Stuntgirl'. Rupali Ganguly, who is playing the lead role in Anupama, participated in the reality show 'Khatron Ke Khiladi'.Worked with Akshay Kumar- Akshay Kumar was hosting this show in those days and Rupali Ganguly also did many dangerous stunts hanging from snakes-scorpions and high extremely heights. It is another matter that Anupama could not become the winner of this show. Rupali Ganguly did a dangerous stunt hanging several hundred feet in the sky, in which she was highly praised.



Let us tell you that this was the period for Rupali when she was fighting to maintain herself in the industry.Career was almost over - Rupali Ganguly started with the TV show 'Sukanya'. In 2013, she appeared in shows like 'Bioscope' and 'Parvarish'. After this, she was constantly seen only in the promotions of other shows. Rupali Ganguly's career was almost over when she got the lead role in 'Anupama'. After this he again got the same lost popularity.

## 'Bhima' said goodbye to the world! Actor Praveen Kumar passed away, won many medals for the country including Arjuna Award

Praveen Kumar Passed Away: Actor Praveen Kumar Sobti, known as 'Bhim' in front of the world, has passed away. He said goodbye to the world at the age of 74. According to the information, Praveen Kumar Sobti was battling illness and financial crisis for a long time. Praveen Kumar, who shined his strong acting in many films, was popular among the people as Bhima.The character of



'Bhima' is still remembered- Praveen Kumar Passed Away: Let us tell you that the country has lost two big personalities in two days. Lata Mangeshkar, the voice of the nation, died on 6 February and now actor Praveen Kumar. In BR Chopra's 'Mahabharat' serial, which came in the 90s, actor Praveen Kumar Sobti played such a character of 'Bhima' that whenever it comes to Bhima, his own image comes to the fore.Praveen Kumar also worked with actors like Dharmendra-Amitabh Bachchan. He started his Bollywood career with 'Raksha' in 1981, but he got real identity Kumar also played the role of Sabu in Chacha Chaudhary serial.

# एटीएम कार्ड बदलकर लोगों से ठगी करने की छह घटनाओं का सफल अनावरण

## कांग्रेस प्रत्याशी एटा श्रीमती गुंजन मिश्रा के लिए जनसंपर्क करके मांगे वोट



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - कांग्रेस प्रत्याशी एटा श्रीमती गुंजन मिश्रा के लिए जनसंपर्क करके मांगे वोट जमला पुर, गोला कुआं चौराया, सोंसा शहर अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि पूर्व जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस आदर्श मिश्रा संगठन के उपाध्यक्ष ठाकुर अनिल सोलंकी एटा विधानसभा के गांव जमलापुर गोला कुआं चौराहा सौसा में चुनाव आयोग व कोरोना नियमों का पालन करते हुए घर घर पहुंचकर जनसंपर्क किया जनसंपर्क के दौरान सीतलपुर के ब्लॉक अध्यक्ष नीरज मिश्रा अमित कुमार लालू मोहित वशिष्ठ बड़ी संख्या में गांव के लोग मौजूद थे

## पोलिंग पार्टियों का प्रशिक्षण 11 फरवरी से शुरू

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक डॉ0 अवधेश कुमार बाजपेयी ने सूचित किया है कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को मा0 आयोग की मंशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु तैनात की गई पोलिंग पार्टियों को 11, 12, 13 एवं 14 फरवरी 2022 तक प्रतिदिन दो-दो पालियों में समस्त मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सेण्ट पॉल्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, निधौली कलां रोड, एटा में आयोजित किया जाएगा।

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक डीएन मिश्रा के नेतृत्व में नगर पुलिस द्वारा एटीएम कार्ड बदलकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो शातिर अन्तर्जनपदीय बदमाशों को 21 एटीएम कार्ड, 3650 रुपए तथा एक एंड्रॉयड फोन सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी है। विगत दस जनवरी को वादी शरद चौहान पुत्र विनय कुमार निवासी ग्राम कसेटी हिंदुस्तान लीवर के सामने कासगंज रोड, थाना कोतवाली देहात द्वारा थाना कोतवाली नगर पर इस आशय की सूचना दी गई कि वादी एक्सिस बैंक एटीएम से रुपए निकालने गया था, जहां किसी अज्ञात व्यक्ति ने वादी के पुत्र का एटीएम बदल दिया, और बाद में उसमें से 50,000 रुपए निकाल लिए हैं तथा 10100 रुपए का जेके फिलिंग स्टेशन पर कार्ड से पेमेंट किया है। इस सूचना पर थाना कोतवाली नगर पर मुअसं- 30/2022 धारा 379, 420 भादंवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर को अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। गत सोमवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अरूणानगर के पास एक्सिस बैंक के एटीएम के पास से समय करीब 19.35 बजे दो अभियुक्तों को 21 एटीएम कार्ड, 3650 रुपए तथा एक एंड्रॉयड फोन सहित गिरफ्तार किया गया है। तथा एक अभियुक्त मौके से




फरार हो गया जिसकी गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। पूछताछ तथा अनावरण- पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग बैंकों के लगे एटीएम पर सीधे साधे लोगों को झांसा देकर उनके एटीएम बदलकर तथा पिन कोड जानकर अन्य एटीएम से रुपया निकालते हैं, हम पिछले 2 वर्षो से इस काम को कर रहे हैं तथा जनपद एटा में पूर्व में भी इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। उन्होंने बताया कि हमने 10.01.2022 को एक व्यक्ति का एटीएम बदलकर आईटीआई के पास ग्राहक सेवा केंद्र से ?50000 निकाले थे तथा पेट्रोल पंप से ?10000 निकाले थे। फरार अभियुक्त का नाम पता पूछने पर उन्होंने बताया कि उसका नाम टैंकर उर्फ इंतजार पुत्र भग्गू निवासी जलालाबाद थाना मुरादनगर जनपद गाजियाबाद है तथा वही हमारा गुरु है। हम तीनों मिलकर आसपास के जनपदों में इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं।

## महिला से दुष्कर्म की घटना में वांछित दो अभियुक्त 12 घटें के अंदर गिरफ्तार




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - थाना जैथरा पुलिस को मिली सफलता, जैथरा पुलिस द्वारा थाना जैथरा क्षेत्रांतर्गत महिला से दुष्कर्म की घटना में वांछित दो अभियुक्त 12 घटें के अंदर गिरफ्तार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में थाना जैथरा पुलिस द्वारा थाना जैथरा पर पंजीकृत मुअसं- 34/2022 धारा 376 डी भादंवि की घटना में फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी है। घटना- दिनांक 07.02.2022 को वादिया द्वारा थाना जैथरा पर सूचना दी गयी कि वह पूडी बेलने का काम करती है, आज भी पूडी बेलने ग्राम समोगर शादी में गयी थी वहां पर साथ में काम करने वाले अभियुक्तों द्वारा पैसे देने के बहाने दुष्कर्म किया है। इस सूचना पर थाना जैथरा पर मु0अ0स0 34/2022 धारा 376 डी भादंवि पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना में संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थानाध्यक्ष जैथरा को निर्देशित किया गया। आज दिनांक 08.02.2022 को थाना? जैथरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर उक्त घटना में फरार चल रहे अभियुक्तों को प्राइमरी स्कूल लालपुर जखा तिराहे के पास से गिरफ्तार कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

WWW.KNLSLIVE.COM

## किसान को आवारा सांड ने पटक पटक कर मार डाला

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - खेत में खड़ी गेहूं की फसल की रखवाली कर रहे एक वृद्ध किसान को आवारा सांड ने पटक पटक कर मार डाला क्षेत्र में छुट्टा जानवरों का आतंक दिन, रात किसान कर रहे हैं अपनी फसलों की रखवारी किसान की मौत के बाद घर में मचा कोहराम ग्रामीणों में रोष थाना कुर्रा क्षेत्र के ग्राम तखरऊ की घटना

## रण में संग्राम, पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव परिवार के लिए अपराजेय किला शिवपाल सिंह यादव लगातार 25 वर्षो से विधायक

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -जसवंतनगर विधानसभा मुलायम सिंह यादव परिवार के लिए अपराजेय रही है। मुलायम सिंह यादव के पहलवानी के अखाड़े से राजनीति के माहिर खिलाड़ी बनने की आरंभिक गाथा का यह क्षेत्र ही साक्षी रहा है। वे 1967 में पहली बार जसवंतनगर से विधायक निर्वाचित हुए। 69 में कांग्रेस के चौ. विशंभर सिंह यादव और 80 में बलराम सिह यादव विधायक का चुनाव जीते। बाकी 1996 तक हुए कुल चुनावों में सात बार मुलायम सिंह यादव ही विधायक निर्वाचित हुए। इटावा की जसवंतनगर सीट कभी दर्शन सिंह और मुलायम सिंह के मुकाबले के लिए देश भर में चर्चित रही है। इसी सीट से कांग्रेस के दिग्गज नेता बलराम सिंह भी विधायक रहे हैं। 1985 से मुलायम सिंह के परिवार का ही इस पर कब्जा है। यादव मतदाता बहुल इस सीट पर कांग्रेस भाजपा और बसपा ने कई बार मुलायम सिंह परिवार का चक्रव्यूह भेदने का प्रयास किया लेकिन नाकाम रहीं। विधायक बनने के लिए उतरे शिवपाल को घेरने के लिए भाजपा और बसपा ने नए सूरमाओं को मैदान में उतारा है

## जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने जारी की संशोधित अधिसूचना

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सूचित किया है कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के मथुरा-एटा-मैनपुरी और कासगंज स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित दो सदस्य जिनका कार्यकाल 07 मार्च 2022 को समाप्त हो रहा है, के द्विवार्षिक निर्वाचन हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ के निर्देश के अनुपालन में निर्वाचित कार्यक्रम चरण प्रथम को संशोधित करते हुए कार्यक्रम निर्धारित किया गया है जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी किए निर्वाचन कार्यक्रम के अन्तर्गत नामांकन पुन: प्रारंभ करने की तिथि 15 मार्च, नाम निर्देशन हेतु अंतिम तिथि 19 मार्च, नाम निर्देशनों की संवीक्षा 21 मार्च 2022, नाम वापिसी हेतु अंतिम तिथि 23 मार्च निर्धारित गई है। इसके अलावा मतदान 09 अप्रैल को एवं मतगणना 12 अप्रैल को होगी। साथ ही 16 अप्रैल 2022 तक निर्वाचन पूर्ण कर लिया जाएगा।

www.knlslive.com

## अनुसूचित जाति एवम जनजाति के दो युवकों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गाली-गलौज और मारपीट




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडेय जी के प्रदेश आह्वान पर पूर्व मंत्री रहे राजेश मूणत द्वारा अभद्रता,अमर्यादित भाषा सहित मुंगेली निवासी अनुसूचित जाति एवम जनजाति के दो युवकों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गाली-गलौज और मारपीट लेकर एनएसयूआई सूरजपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक से ज्ञापन सौप मांग की गई कि एससी एसटी एक्ट के तहत उन पर कार्रवाई की जानी चाहिए । ज्ञात हो कि विगत दिनों होटल बेबीलोन में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी का कार्यक्रम हो रहा था तब वहां पर मंत्री रूद्र गुरु के घर के सामने काले कपड़े पहने दो युवकों को भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेसी होने और काले झंडे दिखाने के संदेह में गाली गलौज और पिटाई की गई थी विवाद बढ़ने पश्चात प्रदेश के पूर्व मंत्री राजेश मूणत को हिरासत में लिया गया था इसके बाद राजेश मूणत द्वारा थाने में अपने साथ मारपीट होने का झूठा आरोप लगाया गया मेडिकल रिपोर्ट के पश्चात किसी भी प्रकार का कोई मारपीट नही की गई थी स्पष्ठ हो गया । पूर्व मंत्री द्वारा पुलिस विभाग पर लगाया गया झूठा आरोप स्पष्ट उजागर हो रहा ।एनएसयूआई जिलाध्यक्ष जाकेश राजवाड़े द्वारा कहा गया कि सत्ता जाते ही 3 साल में पूर्व मंत्री अपने आपा खो बैठे हैं । उन्हें मनोरोग चिकित्सको से उपचार कराया जाना चाहिए । पूर्व मंत्री राजेश मूणत पर तत्काल प्रभाव से अभद्रता,अमर्यादित शब्दों सहित बेगुनाह युवाओ के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मारपीट के विरोध में एसटी एससी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाना चाहिए ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके एनएसयूआई के छात्र नेताओं द्वारा मांग की गई । ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से जाकेश राजवाड़े,कौंनेन अंसारी,विनय यादव,आकाश साहू,अनिमेष तिवारी,सरफ़राज़ खान,हर्ष दनौदिया,चंद्रकांत चौधरी,दीपक बिसेन,यश साहू,लिवनेश सिंह,अज्जू खान,हिमांशु सिंह, दीपक साहू,अदनान सिद्दीकी, विजय राजवाड़े, शत्रुधन तिवारी, प्रदीप यादव,आलोक गुप्ति,मेराज अंसारी, संजू चौधरी, दीपक सोनी, नीरज रक्शेल, नवरत्न सिंह,सूरज सोनी,नीरज मिश्रा, मो.अयूब, आफताब, युवध सिंह,अमान खान, भूपेंद्र यादव,अमान सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित थे

## मांडर क्रिकेट प्रीमियर लीग मैच का हुआ समापन,परसिया ने मारी बाजी 3 विकेट से जीता मैच

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- ओड़गी ब्लॉक के ग्राम पंचायत मांडर के खेल मैदान में फाइनल मुकाबला के साथ समापन हुआ मैच पालदनौली और युवा इलेवन परसिया के मध्य खेला गया परसिया ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया और पालदनौली ने महज 14 ओवर में 10 विकेट खोकर 83 रनों पर ही परसिया के बॉलरों ने रोक दिया 84 रन का पीछा करने उतरी परसिया टीम ने अपने शुरुआती में ही अपना इरादा स्पष्ट कर दिया ललित राजवाड़े के द्वारा तूफानी शुरुआत देकर अपनी टीम को मजबूती दे दिए थे तभी पालदनौली के बालरों के द्वारा जल्दी-जल्दी महज 8 ओवर में 7 विकेट गिरा कर मैच में पकड़ बना ही रहे थे तभी एक ओर से परसिया टीम के कप्तान रमेश सारथी डटे हुए थे परिस्थिति को देखकर रमेश ने शुरुआत काफी धीरे की फिर उसके बाद अपने बल्ले का जलवा दिखाते हुए 12 ओवर में ही अपनी टीम को जीत दिलाई और 36 रनों की शानदार पारी खेली जिसमें 4 गगनचुंबी छक्का भी सामिल थे। इस मैच के समापन अवसर में मुख्य अतिथि ललित प्रताप सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों को आपस में भाईचारे के साथ खेलना चाहिए जहां तक क्रिकेट की बात हो तो यह ग्रामीण स्तर के खिलाड़ियों की प्रतिभा बाहर आता है जैसे सोना आग में तप कर चमक जाता है ठीक उसी प्रकार खिलाड़ी भी अपने मेहनत से अपने और अपने टीम का नाम रोशन करता है इस कार्यक्रम में मर्डर के सरपंच उपसरपंच सहित संयोजक और क्रिकेट प्रेमी जन समुदाय भारी संख्या में मौजूद रहे।

### जितने के बाद रमेश सारथी ने किया मीडिया से बात

रमेश ने बताया कि मैं जिस समय बल्लेबाजी कर रहा था और मेरे आंखों के सामने मेरे खिलाड़ी एक-एक कर अपना विकेट दे रहे थे एक समय मुझे भी लगा कि मैं भी तेजी के साथ खेल हूं लेकिन मेरे लिए यह टाइप हो रहा था ऐसा लग रहा था 7 विकेट गिरने के बाद अब नहीं जीत पाएंगे लेकिन मैं ठान लिया था कि हार-जीत होते रहता है लेकिन मैं पूरा खेल कर ही वापस जाऊंगा और सही हुआ विकेट भी बचाया और अपनी टीम को जीत भी दिलाया साथी मेरे टीम के सभी खिलाड़ियों ने मेरा सपोर्ट किया आयोजन के लिए मैं ग्राम पंचायत मांडर के संयोजक और ग्रामीणों को धन्यवाद देता हूं साथी चौथा स्तंभ कहे जाने वाले मीडिया का भी मैं आभारी हूं हृदय से धन्यवाद देता हूं।


## कलेक्टर ने ली राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक,लंबित प्रकरणों समय अवधि में निराकरण करने के निर्देश

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक में उन्होंने अनुभाग वार समस्त लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर कार्य में प्रगति लाकर सभी लंबित प्रकरणों को विधि अनुसार समय अवधि में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर डॉ. सिंह ने विवादित बटवारा, नामांतरण के कार्य को निराकृत करने निर्देशित किया है। उन्होंने निराकृत समस्त प्रकरणों को प्रविष्टि करने, अभिलेख दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं । उन्होंने 1 से 2 वर्ष की नामांतरण बंटवारा, त्रुटि सुधार, सीमांकन सभी कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनदर्शन, जनसंवाद, जन चौपाल, पीएम पोर्टल सहित अन्य प्रकरणों की आवेदनों का भी समयावधि में निराकरण करने सख्त निर्देश दिए हैं तथा कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना करने की हिदायत दी है। इस दौरान एसडीएम श्री रवि सिंह, श्री प्रकाश सिंह राजपूत, श्री दीपिका नेताम, डिप्टी कलेक्टर श्री वहीदूउर्ररहमान, श्री उत्तम रजक एवं तहसीलदार उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने किया कलेक्ट्रेट कार्यालय का निरीक्षण



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने कलेक्टोरेट के जनसंवाद कक्ष, खनिज विभाग, खाद्य विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व भू अभिलेख, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग सहित कलेक्ट्रेट के विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने शासन के निर्देशानुसार निर्धारित समय अवधि में कार्यालय में उपस्थित रह कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारी कर्मचारी को कार्यालय का साफ-सफाई रखने, टेबल कुर्सी एवं अभिलेखों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ सिंह ने सभी कार्यालय का भ्रमण कर सभी अधिकारी कर्मचारी को समय पर उपस्थित रह कर कार्य संपादित करने की सख्त निर्देश दिए है।

## कलेक्टर एवं एसपी ने सुनी जनसंवाद कक्ष में ग्रामीणों की समस्याए

### संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर- कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल ने आज जिला कलेक्टोरेट में स्थित जन संवाद कक्ष में विभिन्न मांगो एवं समस्याओं को लेकर जनसंवाद कक्ष में पहुंचे ग्रामीणोंजनो की आवेदनों का अवलोकन किया एवं संबंधित अधिकारियों को समस्याओं व मांगों को त्वरित निराकरण करने निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ सिंह ने आज जनसंवाद कक्ष में दिव्यांग अयोध्या प्रसाद चौबे भटगांव निवासी हितग्राही जिसके पास छत्तीसगढ़ राज्य मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र नहीं था, झारखंड राज्य का था जिसके कारण उन्हें अंत्योदय का लाभ नहीं हो रहा है जिसे कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को नियमानुसार मेडिकल प्रमाण पत्र जारी करने के लिए निर्देशित किया प्रमाण पत्र बन जाने के बाद दिव्यांग हितग्राही को अंत्योदय का राशन कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। वर्तमान में उन्हें प्राथमिकता परिवार राशन कार्ड का लाभ प्राप्त हो रहा है। इसी कड़ी में अन्य आवेदन आए हैं जिसमें सिक्योरिटी मनी वापस कराने, मनरेगा के तहत कुआं खुलवाने, कूड़ाकु जनजाति को पट्टा वितरण किए जाने के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए जिसे कलेक्टर ने आवश्यक कार्रवाई का निराकरण करने के लिए देश की है। ग्राम चंद्रपुर में गौठान निर्माण किए जाने, दिव्यांश हितग्राही को गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री योजना का लाभ दिलाने, सड़क समस्या, पानी समस्या सहित स्थाई जाति प्रमाण पत्र बनाने के आवेदन प्राप्त हुए जिसे त्वरित सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को यथाशीघ्र करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राजस्व संबंधित प्रकरणों को भी विधि अनुसार निराकरण करने कहा है। जनसंवाद कक्ष में आज राजेश सिंह आत्मजा गणेश सिंह रामनगर हत्या के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए जिसे पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण का अवलोकन किया तथा संबंधित से वार्ता कर आवश्यक जांच कर समस्याओं के निराकरण करने आश्वस्त किया है।

# मादक पदार्थो की समस्त थोक एवं फुटकर दुकानें बिक्री के लिये पूर्णतया रहेगी बन्द

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूँ - जिला मजिस्ट्रेट दीपा रंजन ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या 190ई-2/तेरह-2022-38/2014 आबकारी अनुभाग-2 लखनऊः दिनांक 25.01.2022 के अनुक्रम में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियत 1951 की धारा 135(ग) के खण्ड(एक) में यथा उपबंधित के अनुक्रम में विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 में मतदान के दिन मद्य निषेध दिवस घोषित किये जाने/लोक शांति बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण मतदान कराये जाने के उद्देश्य से मैं दीपा रंजन, जिला मजिस्ट्रेट, बदायूं, आदेश देती हूँ कि जनपद बदायूं में निर्धारित मतदान तिथि 14.02.2022 से 48 घण्टे पूर्व अर्थात दिनांक 12.02.2022 की साय: 06:00 बजे से दिनांक 14.02.2022 की सायं 06:00 बजे तक अथवा मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना दिनांक 10.03.2022 के दिन तथा यदि आवश्यक हुआ तो पुर्नमतदान के दिन जनपद बदायूँ में स्थित समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर, मॉडल शॉप, भांग, एफ0एल0-9/9ए, एफ0एल0-7(बार), एफ0एल0-16/17,सी0एल0-2, एफ0एल0-2/2बी एवं अन्य मादक पदार्थो की समस्त थोक एवं फुटकर दुकानें बिक्री के लिये पूर्णतया बन्द रहेगी। जनपद अलीगढ मे दिनांक 10.02.2022 को मतदान होना नियत है। अस्तु जनपद अलीगढ की सीमा से जनपद बदायूँ में 08 किमी0 की परिधि में स्थित देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर, मॉडल शॉप, भांग, एफ0एल0-9/9ए, एफ0एल0-7(बार), एफ0एल0-16/17, सी0एल0-2, एफ0एल0-2/2बी एवं अन्य मादक पदार्थो की समस्त थोक एवं फुटकर दुकानें दिनांक 08.02.2022 की सायं 06:00 बजे से दिनांक 10.02.2022 की सायं 06:00 बजे तक अथवा मतदान समाप्ति तक पूर्णतया बन्द रहेगी। जनपद कासगंज व जनपद फर्रूखाबाद में मतदान दिनांक 20.02.2022 को होना नियत है। अस्तु जनपद कासगंज व जनपद फर्रूखाबाद की सीमा से जनपद बदायूं में 08 किमी0 की परिधि में स्थित देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर, मॉडल शॉप, भांग, एफ0एल0-9/9ए, एफ0एल0-7(बार), एफ0एल0-16/17, सी0एल0-2, एफ0एल0-2/2बी एवं अन्य मादक पदार्थो की समस्त थोक एवं फुटकर दुकानें दिनांक 18.02.2022 की सायं 06:00 बजे से दिनांक 20.02.2022 की सायं 06:00 बजे तक अथवा मतदान समाप्ति तक पूर्णतया बन्द रहेगी। उक्त बन्दी दिवसों के लिये अनुज्ञापियो को कोई प्रतिफल फीस देय नहीं होगी।

# स्कूटी रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



बदायूँ - मंगलवार को हाफिज सिद्दीक इस्लामियां इण्टर कॉलेज में जिला निर्वाचन अधिकारी दीपा रंजन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 ओ0पी0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट उदित नारायण सेंगर व अन्य अधिकारियों के साथ 1000 महिलाओं की स्कूटी रैली का फीता काटकर शुभारंभ किया। कलेक्ट्रेट तिराहा, महिला अस्पताल, लावेला चौक, गांधी ग्राउंड चौराहा, 6 सड़का, घंटाघर, मथुरिया चौक, लालपुल तिराहा, जालंधरी सराय चौराहा होते हुए रैली का हाफिज सिद्दीक इस्लामियां इण्टर कॉलेज में वापस आकर समापन हुआ। रैली के माध्यम से मतदान में महिला मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चत कराई गई, जिसके द्वारा महिलाओं ने संदेश दिया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति को अपना वोट डालने का अधिकार है, हर व्यक्ति अपने पास वोट की ताकत को रखता है और वक्त आने पर उसका सही इस्तेमाल कर अपनी मनचाहे प्रत्याशी को चुनकर आगे भेजता है। चुनाव में महिलाओं की भी अहम भूमिका होती है, इसलिए महिलाएं चूल्हा-चौका छोड़कर सबसे पहले वोट दें और उसके बाद ही घर के अन्य कामों को करें। अपने साथ अपने आस-पड़ोस की महिलाओं को भी वोट के लिए ले जाएं और मतदान के इस महापर्व में शामिल हो जाएं। कार्यक्रम का संचालन सरवर अली ने किया।

# मतदान जागरुकता महोत्सव का आयोजन

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




बदायूँ -मंगलवार को बदायूँ क्लब बदायूँ पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी दीपा रंजन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 ओ0पी0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट उदित नारायण सेंगर व अन्य अधिकारियों के साथ मतदान जागरुकता महोत्सव का फीता काटकर शुभारंभ किया। यहां दोनों वरिष्ठ अधिकारियों का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। स्कूली बच्चों ने डीएम व एसएसपी के हाथ पर ''14 फरवरी को आओ मतदान करें'' की मुहर लगाई। सेल्टी प्वाइंट पर पहुंचकर प्रेक्षकगणों, डीएम व एसएसपी ने पहुंचकर फोटो क्लिक कराई। छात्राओं द्वारा गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। छात्राओं ने डीएम-एसएसपी के साथ सेल्फी ली। कार्यक्रम में फर्स्ट टाइम वोटर, समूह की महिलाओं, ट्रांसजेंडर, डॉक्टर, टीचर, वकील, पुलिस, पंचायत सहायक सहित 79 वर्ष की बुजुर्ग महिला रसमीनन ने रैम्प वॉक कर मतदान के प्रति अपनी जागरुकता एवं उत्साह का संदेश दिया। मतदान के सम्बंधी गीतों पर मूकवधिर बच्चों व अन्य स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। प्रेक्षक एवं डीएम, एसएसपी ने गुव्वारे हवा में छोड़े। डीएम ने अच्छी प्रस्तुति देने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रेक्षक कौशिक हल्दर, कपिल मीना, मुरलीधर मलिक एवं पुलिस प्रेक्षक राजशेखरा एन0 व डीएम-एसएसपी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करने का अधिकार है। मतदान के दिन 14 फरवरी को सभी व्यक्ति पहले मतदान करें और उसके बाद ही जलपान करें। प्रत्येक मतदाता का दायित्व है कि वह स्वयं अपने साथ कम से कम 10 अन्य मतदाताओं को वोट डालने के लिए बूथ पर ले जाए। महिलाएं भी सबसे पहले वोट डालें और उसके बाद भोजन व अन्य काम करें। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति वोट डालने से वंचित ना रह जाए। उन्होंने प्रथम बार बने मतदाताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में पहली बार शामिल होने की ढेर सारी बधाई और मतदान के दिन सबसे पहले अपना उत्साह दिखाते हुए बूथ पर पहुंचकर वोट डालें। इस अवसर पर बदायूँ क्लब के सचिव अक्षत अशेष ने वोट की अपील सम्बंधी अपने वीडियो सांग को रिलीज किया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अभिनय किया है। कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र मोहन सक्सेना ने किया। जनपद के विभिन्न स्कूलों में भी इस कार्यक्रम का आयोजित किया गया।

# सपा को बड़ा झटका, बहराइच की मटेरा सीट से घोषित प्रत्याशी हाजी मुहम्मद रमजान कांग्रेस में शामिल



पहले चरण की वोटिंग से पहले समाजवादी पार्टी को तगड़ा झटका लगा हैं। बहराइच जिले के मटेरा विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार हाजी मुहम्मद रमजान ने सपा की उम्मीदवारी छोड़ कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। श्रावस्ती के कद्दावर सपा नेता माने जाने वाले हाजी ने पार्टी को ही अलविदा कह दिया है। अब वे अपना राजनीतिक सफर कांग्रेस के हाथ के सहारे करेंगे। श्रावस्ती विधानसभा से टिकट न मिलने से नाराज रमजान कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन करेंगे। रमजान ने कहा कि अखिलेश यादव यूपी और पार्टी में अल्पसंख्यक नेतृत्व को खत्म कर रहें हैं। श्रावस्ती विधानसभा में राजनीति करता हूँ लेकिन मुझे वहां से 60 किलोमीटर दूर मटेरा से सपा ने उम्मीदवार बनाया। कहा कि केवल 400 वोटों से श्रावस्ती में चुनाव हारा था, फिर मुझे अपनी श्रावस्ती से दूर करने का षड्यंत्र सपा नेतृत्व ने भाजपा के इशारे पर रचा है। वर्ष 1992 में सपा के साथ जुड़कर राजनीति की शुरुआत करने वाले मुहम्मद रमजान 30 वर्षों तक समाजवादी पार्टी से जुड़े रहे। इस दौरान वे सपा के टिकट पर एमएलसी व विधायक रहे। पार्टी में उनकी गणना मुलायम सिंह यादव व आजम खां के करीबियों में होती थी। वर्ष 2012 से 2017 तक विधायक रहे रमजान 2017 के चुनाव में भाजपा के प्रचंड लहर में मामूली मतों से चुनाव हार गए थे। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के बाद हाजी मुहम्मद रिजवान ने कहा कि भाजपा जैसी साम्प्रदायिक ताकतों को सिर्फ कांग्रेस ही हरा सकती है। समाजवादी पार्टी भाजपा की बी टीम है। बांटने वाली ताकतों का हर स्तर पर विरोध करना चाहिए। हमसब मिलकर धर्म और जाति के नाम समाज को बंटने वाले को हराएंगे।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## चुनाव से संबंधित शिकायत होने पर कर सकते हैं संपर्क

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- अपर जिलाधिकारी /उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चन्द्र ने बताया है कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात प्रेक्षक 289-भिनगा एवं 290-श्रावस्ती तथा जनपद श्रावस्ती हेतु व्यय प्रेक्षक का जनपद में आगमन हो चुका है। विधानसभा क्षेत्र 289-भिनगा हेतु डा0 पोला भास्कर, आई0ए0एस0, प्रेक्षक (सामान्य) की तैनाती की गयी है, जिनका मोबाईल नं0 9532119051 है, जिनसे निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग, भिनगा में संपर्क किया जा सकता है। विधानसभा क्षेत्र 290 श्रावस्ती विधान सभा हेतु सिद्धार्थ मिश्रा, आई0ए0एस0), प्रेक्षक (सामान्य) की तैनाती की गयी है, जिनका मोबाईल नं0 9532119715 है जिनसे निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग, कटरा, श्रावस्ती में संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त व्यय प्रेक्षक, आई0आर0ए0एस0, सत्य प्रकाश सिंह की तैनाती की गयी है, जिनका मोबाईल नं0- 9532078110 है, जिनसे निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग, कटरा, श्रावस्ती से संपर्क किया जा सकता है।

## नेहरू युवा केंद्र द्वारा खेलकूद के माध्यम से युवाओ को मतदान हेतू किया गया जागरुक

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर जिला युवा अधिकारी कोमल ने बताया है कि नेहरू युवा केंद्र श्रावस्ती के तत्वाधान में दो दिवसीय ब्लॉक (गिलौला) स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन स्टेडियम भिंगा मे किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के खेल खेले गए और साथ ही साथ युवाओ को मतदान हेतु जागरुक किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला खेल अधिकारी शिव कुमार यादव उपस्थित रहे।जिला युवा अधिकारी ने बताया कि 800 मीटर रेस( पुरुष) में प्रथम स्थान रमेश कुमार द्वितीय स्थान अनिल कुमार तृतीय स्थान सुरेश कुमार ने प्राप्त किया। 400 मीटर ((पुरुष) में प्रथम स्थान सिया राम द्वितीय स्थान सुभाष तृतीय स्थान लालमणि ने प्राप्त किया। 200 मीटर (पुरुष) में प्रथम स्थान हरिकृष्णा द्वितीय स्थान दीपक त्रिपाठी तृतीय स्थान सुभाष ने प्राप्त किया।100 उमजमत (पुरुष) में प्रथम स्थान अवधेश कुमार द्वितीय स्थान दीपक त्रिपाठी तृतीय स्थान शफीक ने प्राप्त किया वही महिला वर्ग 800 मीटर में प्रथम स्थान लक्ष्मी देवी द्वितीय स्थान सानिया तृतीय स्थान आराधना राणा ने प्राप्त किया। 400 मीटर रेस में प्रथम स्थान सिम्मी द्वितीय स्थान चंदा देवी तृतीय स्थान नीलम ने प्राप्त किया। 200 मीटर में प्रथम स्थान चंदा देवी द्वितीय स्थान सीता देवी तृतीय स्थान गायत्री ने प्राप्त किया। 100 मीटर में प्रथम स्थान सिम्मी द्वितीय स्थान गायत्री तृतीय स्थान सीता देवी ने प्राप्त किया। वालीबाल टीम पुष्पेंद्र पाठक कप्तान की टीम विजेता व सलीम कप्तान की टीम उपविजेता रही। टीम (पुरुष )अवधेश कुमार कप्तान की टीम विजेता और खानबाबू कप्तान टीम उपविजेता रही। खो-खो टीम (महिला) सीमा परवीन कप्तान टीम विजेता रही। प्रतियोगिता के दौरान सभी विजेताओ को पदक, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के संचालन का कार्य नेहरू युवा केन्द्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक वेद प्रकाश, श्रवण कुमार, नीतीश कुमार और पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक वंदना शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर मोहम्मद मुस्लिम, जगसेर सैनी, खेल समन्वयक पुष्पेंद्र पाठक एवं रामेश्वर प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## जोहर पुर ग्राम पंचायत में बनी बांके बिहारी गौ सेवा सदन के अंदर खुले में पड़े मृत गोवांशो को नोचते कुत्ते



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा- जनपद के तिंदवारी ब्लाक अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जोहर पुर में बनी बांके बिहारी गौ सेवा सदन में ढोल के अंदर पोल कहावत चरितार्थ करती है। इस गोशाला को बाहर से देखने पर तो बहुत ही स्वच्छ वा सुंदर नजर आती है । परंतु अंदर जाने में लोकेशन के साथ बनाए गए वीडियो में मृत गोवांशो को नोचते कुत्ते जिन्हे भगाया गया। इस गोशाला के अंदर ही मरे हुए गोवंश को नीचे धकेल दिया जाता हैं जिन्हे कुत्ते नोचते है। इस गोशाला के अंदर ही कई दिनों से बीमार पड़ी गाय को कुत्तों द्वारा पीछे से नोच डाला गया जिसका किसी प्रकार का कोई इलाज नहीं कराया जा रहा है इस संबंध में जब ग्राम प्रधान वा सचिव से गोशाला की बत्तर हालत के बारे में उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया है गोल मोल जवाब दिया गया। इसी संदर्भ में बी डी ओ तिंदवारी से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो इलेक्शन ट्रेनिंग में हैं बताया गया। आज दिनांक 08.02.2022 को सी डी ओ बांदा को लोकेशन सहित बनाए गए वीडियो दिखाए गए तो सी डी ओ बांदा ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए तत्काल कारवाई किए जाने का भरोसा दिया गया।

## प्रत्याशियों/निर्वाचन अभिकर्ताओं एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मा0 प्रेक्षकगणों की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभाकक्ष में बैठक सम्पन्न हुई

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बांदा- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बांदा सदर विधान सभा-235 के लिये नियुक्त प्रेक्षक श्री हर्षदीप श्रीराम कम्बले द्वारा कहा गया कि आज की बैठक सभी राजनैतिक दलों के साथ विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से बुलाई गई है। उन्होंने कहा कि सभी राजनैतिक दल आदर्श आचार संहिता का पूर्णत: पालन करें तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। यदि किसी भी राजनैतिक दल एवं प्रत्याशी की कोई शिकायत हो तो सीधे प्रेक्षकगणों के मोबाइल नम्बरों पर अथवा निर्वाचन से सम्बन्धित शिकायतों के लिये निर्वाचन कन्ट्रोल रूम में भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है, ऐसा कोई भी कार्य न करें जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो। पुलिस प्रेक्षक श्री उज्जवल भौमिक ने कहा कि पुलिस प्रशासन एलर्ट है और शान्ति पूर्ण निर्वाचन कराना हमारी आपकी जिम्मेदारी है। वर्तमान में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पाये जाने पर 03 एफ0आई0आर0 दर्ज हुई है। आपका सहयोग चाहिए ताकि निर्वाचन को शान्ति पूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराया जा सके। चुका है। 60 वर्ष से अधिक आयु में 86.66 प्रतिशत लग चुका है। साथ ही अवगत कराया गया कि मतदान करने वाले कर्मचारियों को प्रीकॉशन डोज लगायी जा रही है। बैठक में व्यय प्रेक्षक श्री राणेन्द्र सरकार मो0नं0-8840409275, पुलिस प्रेक्षक श्री उज्जवल भौमिक मो0नं0-9569395581, 235-बांदा विधान सभा के प्रेक्षक श्री हर्षदीप श्रीराम काम्बले मो0नं0-8887957061, तिन्दवारी-232 विधान सभा के प्रेक्षक श्री संजीव कुमार मो0नं0-8081860033, 233-बबेरू विधान सभा के प्रेक्षक श्री आशोक कुमार मो0नं0-8840624462, 234-नरैनी विधान सभा के प्रेक्षक श्री श्रीमती विनीता मो0नं0-8840459855, जिला निर्वाचन अधिकारी बांदा श्री अनुराग पटेल मो0नं0-9454417531, पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अभिनन्दन मो0नं0-9454400257, समस्त रिटर्निंग ऑफिसर जनपद बांदा, अपर पुलिस अधीक्षक, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, समस्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मुख्य चिकित्साधिकारी डा अनिल कुमार सहित राजनैति दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

## प्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजना के माध्यम से गरीबों को दिए जाने वाले खाद्य सामग्री में डाका डालता कोटे दार राम स्वरूप चौरसिया नजर बाग

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा- प्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजना के माध्यम से गरीबों को दिए जाने वाले खाद्य सामग्री में डाका डालता कोटे दार राम स्वरूप चौरसिया नजर बाग बांदा पूरा मामला बांदा जनपद मुख्यालय स्थित नजर बाग में कोटे दार राम स्वरूप चौरसिया ने जनवरी माह में कार्ड धारकों को रिफाइंड तेल नही दिया । ना देने की वजह आचार संहिता बताई गई फिर बाद मे रिफाइंड आया ही नहीं बताया गया। इतना ही नहीं कोटे दार इतना दबंग है की आए दिन कार्ड धारकों को धमकाते हुए कहता है कि पांच पांच लोग लगे हैं सरकार फ्री में सेवा करा रही है। तुम्ही लोगो से तो निकाला जाएगा।अपने कुछ खास लोगो को जनवरी माह का रिफाइंड तेल देकर शेष लोगो का खा गया जनता की मिल रही सूचनाओं पर मौके पर जा कर देखा तो करीब आधा सैकड़ा लोगो ने मौके पर ही जनवरी माह का रिफाइंड न मिलने की बात बताई गई। जब कोटे दार से उसका पक्ष जानने के लिए बात करनी चाही तो पहले बड़ी बत्तमीजी से बात की बाद में जब जिला पूर्ति अधिकारी बांदा को फोन कर पूरा मामला बता कर कोटे दार की बात कराई गई तो कोटे दार ने खुद कुछ लोगो को रिफाइंड तेल न देने की बात स्वीकारते हुए पैकेट चूहे खा गए हैं का बहाना बनाया गया। अब देखने वाली बात है कि एक तरफ केंद्र वा राज्य सरकार करोना महामारी के चलते गरीबों को नि:शुल्क राशन आदि देकर उनकी मदद कर रही वही इसके जैसे कोटेदार गरीबों को मिलने वाली खाद्य सामग्री में डाका डालने का काम करते हैं। अब इसे कोटे दार के खिलाफ क्या करवाई करता है जिला प्रशासन बांदा।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527